# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 09 March 2026

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

**Q. मुख्यमंत्री ने बीकानेर में पीबीएम अस्पताल में न्यूरोपैथी कैथ लैब और रेटिना सर्जरी उपकरणों के लिए कितनी राशि की घोषणा की?**

(A) 5 करोड़ रुपये

(B) 6 करोड़ रुपये

(C) 7 करोड़ रुपये

(D) 10 करोड़ रुपये

- मुख्यमंत्री ने पीबीएम अस्पताल में न्यूरोपैथी कैथ लैब की स्थापना तथा रेटिना सर्जरी के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए 7 करोड़ रुपए की घोषणा की है।
- बीकानेर में न्यूरो कैथ लैब की स्थापना की घोषणा की गई है, जिससे ब्रेन स्ट्रोक और नसों से जुड़ी गंभीर बीमारियों का आधुनिक उपचार स्थानीय स्तर पर संभव होगा।
- इसी प्रकार रेटिना सर्जरी के उपकरणों की उपलब्धता से आंखों की गंभीर बीमारियों का आधुनिक और सटीक इलाज स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगा

## Yesterday Revision

1. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर 8 मार्च को पहली बार महिलाओं के लिए अस्मिता एथलेटिक्स लीग का आयोजन, राजस्थान के 16 जिलों को शामिल किया गया

2. इंडो-मलेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज में भारत ने पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते।, राजस्थान के 3 खिलाड़ी शामिल

3. नाथद्वारा (राजसमंद) में 10 करोड़ रुपए की लागत से राणा पुंजा जनजातीय खेल अकादमी स्थापित होगी।

4. कोटा का शिव मठ मंदिर, चंद्रेसल 10वीं-11वीं शताब्दी का मंदिर है, राज्य सरकार शीघ्र ही प्राथमिकता से इस मंदिर के संरक्षण संबंधी कार्य करेगी।

5. राजस्थान में मेवाड़ फेस्टिवल 21 से 23 मार्च तक उदयपुर में आयोजित किया जाएगा

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक : 2026 विधानसभा में ध्वनिमत से पारित

(B) इससे अनावश्यक कानूनी जटिलताओं से आमजन को राहत मिलेगी।

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक : 2026 राजस्थान विधानसभा में ध्वनिमत से पारित
- उद्देश्य : प्रशासनिक सुधार के साथ नागरिकों का विश्वास बढ़ाना तथा ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग को बढ़ावा देना
- राज्यपाल की स्वीकृति एवं गजट प्रकाशन के बाद राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अध्यादेश : 2025 का स्थान लेगा
- इससे अनावश्यक कानूनी जटिलताओं से आमजन को राहत मिलेगी।
- पूर्व के अधिनियम छोटे उल्लंघन या तकनीकी चूक के लिए भी कारावास जैसी आपराधिक शास्तियां अधिरोपित करते हैं।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) आकांक्षी जिले करौली, धौलपुर, बारां, जैसलमेर एवं सिरोही में संचालित 'किशोरी बालिका योजना' का विस्तार किया गया है।

(B) यह योजना राज्य के समस्त 22 आकांक्षी ब्लॉक्स में शुरु की जाएगी,

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान  बजट 2026-27 में आकांक्षी जिले करौली, धौलपुर, बारां, जैसलमेर एवं सिरोही में संचालित 'किशोरी बालिका योजना' का विस्तार किया गया है।
- यह योजना राज्य के समस्त 27 आकांक्षी ब्लॉक्स में शुरु की जाएगी, जिससे 50 हजार से अधिक किशोरी बालिकाएं पूरक पोषाहार से लाभान्वित हो सकेंगी।
- राजस्थान में 'किशोरी बालिका योजना' (SAG) 11-14 वर्ष की स्कूल छोड़ चुकी किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण और कौशल विकास के लिए संचालित है। यह योजना आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषाहार, आयरन-फोलिक एसिड, स्वास्थ्य जांच और मुख्यधारा की शिक्षा में वापसी सुनिश्चित करती है

## 03. राजस्थान के किस जिले में कुम्भा बायोलॉजिकल पार्क विकसित किया जाएगा?

(A) उदयपुर

(B) चित्तौड़गढ़

(C) बांसवाड़ा

(D) प्रतापगढ़

**Important Facts:**

- राजस्थान की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट 2026-27 में चित्तौड़गढ़ जिले के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं।
- चित्तौड़गढ़ दुर्ग की तलहटी में गांधीनगर के स्मृति वन से मोहर मंगरी तक लगभग 35 हेक्टेयर क्षेत्र में कुम्भा बायोलॉजिकल पार्क विकसित किया जाएगा।
- बजट: 31 करोड़ रुपए
- यह पार्क पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन दोनों के लिए महत्वपूर्ण होगा।
- चित्तौड़गढ़ शहर के बीचों-बीच बहने वाली गंभीरी नदी पर अब रिवर फ्रंट विकसित किया जाएगा। स्थान: पन्नाधाय सेतु से महाराणा प्रताप सेतु के बीच बजट: 20 करोड़ रुपए

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रवि बिश्नोई को राजस्थान पुलिस में सीधे डिप्टी एसपी (RPS) के पद पर नियुक्त किया है

(2) रवि बिश्नोई के अलावा मानिनी कौशिक, दिव्यकृति सिंह और सचिन को भी पदभार सौंपा गया है।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थान सरकार ने खेल कोटे के तहत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रवि बिश्नोई सहित चार उत्कृष्ट खिलाड़ियों को राजस्थान पुलिस में सीधे डिप्टी एसपी (RPS) के पद पर नियुक्त किया है।

यह पहली बार है जब राजस्थान में इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति मिली है। रवि बिश्नोई के अलावा मानिनी कौशिक, दिव्यकृति सिंह और सचिन को भी पदभार सौंपा गया है।

नियुक्त खिलाड़ी: रवि बिश्नोई (क्रिकेट), मानिनी कौशिक (निशानेबाज), दिव्यकृति सिंह (घुड़सवार), और सचिन (कबड्डी)

यह नियुक्तियाँ "आउट ऑफ टर्न पॉलिसी" के तहत एशियाई खेलों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दी गई हैं।

**05. भारतीय सेना की सप्त शक्ति कमान के तत्वावधान में गौरव सेनानी रैली का आयोजन कहां किया गया?**

(A) चूरू

(B) जोधपुर

(C) जैसलमेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- भारतीय सेना की सप्त शक्ति कमान के तत्वावधान में रणबांकुरा डिवीजन द्वारा 8 मार को चूरू में "गौरव सेनानी रैली" के नाम से एक भव्य पूर्व सैनिक रैली एवं चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया।
- इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।
- कार्यक्रम में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, साहसिक गतिविधियाँ, सैन्य हेलीकॉप्टरों द्वारा युद्ध कौशल प्रदर्शन, सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन तथा मिलिट्री पाइप बंद की प्रस्तुति आयोजित की गई, जिसने सैनिक परंपरा और राष्ट्र निर्माण में पूर्व सैनिकों की महत्वपूर्ण भूमिका का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# Sujas QUIZ

जयपुर, शुक्रवार, 06 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-16

1. **देश** की कुल सौर ऊर्जा क्षमता में राजस्थान की भागीदारी लगभग कितने प्रतिशत तक पहुंच गई है?
   (A) 16 प्रतिशत
   (B) 21 प्रतिशत
   (C) 27 प्रतिशत
   (D) 35 प्रतिशत

2. **राज्य** सरकार ने बिजली की औसत खरीद दर में कितने पैसे प्रति यूनिट की कमी की है?
   (A) 10 पैसे
   (B) 15 पैसे
   (C) 22 पैसे
   (D) 31 पैसे

3. **पीएम**-कुसुम योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान की क्या स्थिति है?
   (A) कम्पोनेंट-ए में प्रथम, कम्पोनेंट-सी में दूसरा स्थान
   (B) कम्पोनेंट-ए और सी में प्रथम स्थान
   (C) कम्पोनेंट-ए में दूसरा और कम्पोनेंट-सी में प्रथम स्थान
   (D) कम्पोनेंट-ए और सी में दूसरा स्थान

4. **अक्षय** ऊर्जा परियोजनाओं के लिए राज्य में राजकीय भूमि आवंटन की दर को डीएलसी दर का कितना गुना कर दिया गया है?
   (A) 1.5 गुना
   (B) 2 गुना
   (C) 3 गुना
   (D) 4 गुना

5. **राज्य** में उन उपभोक्ताओं के लिए जिनके पास छत उपलब्ध नहीं है, सरकार ने सौर ऊर्जा से जुड़ने के लिए किस नई व्यवस्था को अनुमत किया है?
   (A) स्मार्ट मीटरिंग
   (B) वर्चुअल नेट मीटरिंग एवं ग्रुप नेट मीटरिंग
   (C) डायरेक्ट ग्रिड फीडिंग
   (D) सोलर शेयरिंग मॉडल

**Today, Quiz:**

**Q. नाथद्वारा (राजसमंद) में कितने करोड़ रुपए की लागत से राणा पुंजा जनजातीय खेल अकादमी स्थापित होगी?**

(A) 5 करोड़ रुपये

(B) 6 करोड़ रुपये

(C) 7 करोड़ रुपये

(D) 10 करोड़ रुपये

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine